राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य किए जाने का किया आह्वान

## भारतीय विदेश सेवा के पांच अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 27 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2022 के प्रशिक्षु अधिकारी श्री भविष्य, भावेश चौधरी और अमित गेत, सुश्री सुरभि गोयल, पूजा कुमारी झा ने मुलाकात की। यह अधिकारी हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान, रीपा में प्रशिक्षण के लिए आए हुए हैं। राज्यपाल श्री मिश्र से इनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को राष्ट्र के लिए समर्पित होकर प्रतिबद्ध भाव से कार्य करने का आह्वान किया है। हरिश्चन्द्र माथुर, राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक श्री हेमंत गेरा ने अधिकारियों के प्रशिक्षण के बारे में राज्यपाल श्री मिश्र को अवगत कराया।

———————